



# ओंकारेश्वर के साथ शिवालयों में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

## जहां इतिहास, आस्था और शिवभक्ति एक साथ बहेंगी

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** महाशिवरात्रि पर एक रात, एक आस्था और भोलेनाथ से जुड़ने का अवसर 15 फरवरी को यह पर्व खंडवा में सिर्फ पूजा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि शहर के चार ऐतिहासिक रामेश्वरकुंड, भीमकुंड, पदमकुंड, सूरजकुंड शिवभक्ति के महासंगम में तब्दील हो जाएंगे। सुबह से देर रात तक हर-हर महादेव ओम नमः शिवाय के जयकारों के बीच जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, भजन, श्रृंगार और महाप्रसादी का सिलसिला चलेगा। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि महाशिवरात्रि के पर्व पर तीर्थ नगरी प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर जिला मुख्यालय खंडवा में चारों कुंडों पर विराजमान भोले बाबा के साथ पूरे जिले के शिवालयो में भक्ति शक्ति और आस्था का उमडेगा का




सैलाब, महाशिवरात्रि के पर्व पर दिनभर श्रद्धा शिव मंदिर में पहुंचकर बाबा के दर्शन कर पूजा अर्चना करेंगे।

**रामेश्वर कुंड- जहां राम ने बहाई थी जलधारा:** समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि खंडवा का ऐतिहासिक रामेश्वर कुंड महाशिवरात्रि पर मेले जैसा रूप ले लेगा। मान्यता है कि वनवास काल में माता सीता की प्यास बुझाने के लिए भगवान श्रीराम ने यहां तीर मारकर जलधारा प्रकट की थी। उसी स्थल पर स्थित प्राचीन शिवालय में भोलेनाथ का विशेष अभिषेक और आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ और खिचड़ी महाप्रसादी का वितरण होगा।

**भीमकुंड- प्रकृति की गोद में शिव आराधना :** पंधाना रोड स्थित भीमकुंड अपने प्राकृतिक सौंदर्य और प्राचीन शिव मंदिर के लिए जाना जाता है। कहते हैं



की महाभारत काल में भीम ने इस स्थान पर शिवलिंग की स्थापना कर तपस्या की थी, सुनील जैन ने बताया कि भीमकुंड जाने के लिए रास्ता भले ही कठिन हो लेकिन बड़ी संख्या में शहर एवं आसपास के गांवो के श्रद्धालु हजारों की संख्या में पहुंचकर भोले बाबा के दर्शन करते हैं। पर्यटन की दृष्टि से भी अति सुंदर प्राचीन स्थल है।

महाशिवरात्रि की सुबह यहां रुद्राभिषेक के साथ पूजाअर्चना शुरू होगी। दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालु यहां शिवलिंग पर जल चढ़ाकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। पहाड़ियों और हरियाली के बीच गूंजते मंत्र वातावरण को भक्तिमय बना देंगे।

**सूरजकुंड- फूलों में सजेगा भोलेनाथ :** गौतम नगर कॉलोनी स्थित सूरजकुंड पर महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव का फूलों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा।

### पदमकुंड: स्वयंभू शिवलिंग का चमत्कार

स्वयंभू शिवलिंग का चमत्कार प्राचीन पदमकुंड शिव मंदिर में स्वयंभू शिवलिंग के दर्शन के लिए महाशिवरात्रि पर विशेष भीड़ रहेगी। यहा दूध और जल से अभिषेक होगा। नगर निगम द्वारा किए गए सौंदर्यीकरण के बाद पदमकुंड श्रद्धालुओं के लिए और भी आकर्षण का केंद्र बन गया है। प्रसादी वितरण की भी विशेष व्यवस्था रहेगी। महाशिवरात्रि पर खंडवा के ये चार कुंड सिर्फ धार्मिक स्थल नहीं रहेंगे, बल्कि आस्था, इतिहास और परंपरा की जीवंत तस्वीर बनेंग।

अभिषेक-पूजन के साथ यहां भी भक्तों का सैलाब उमड़ेगा। कुंड परिसर शिवभक्ति के रंग में रंगा नजर आएगा।

## तंबाकू नियंत्रण अधिनियम को खण्डवा जिले में प्रभावी ढंग से लागू करें



नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** जिले के सभी शहरी क्षेत्रों में कोटपा एक्ट के तहत स्कूलों के आसपास तंबाकू युक्त सामग्री के विक्रय पर सख्ती से रोक लगाई जाए। यह निर्देश कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कोटपा एक्ट के तहत आयोजित कार्यशाला में उपस्थित मुख्य नगर पालिका अधिकारियों एवं सभी एसडीएम को दिए। कार्यशाला में म.प्र. वालेंटरी हेल्थ एसोसिएशन के कार्यपालक निदेशक श्री मुकेश कुमार सिन्हा ने कोटपा एक्ट के प्रावधानों के सम्बंध में विस्तृत प्रजेंटेशन दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा, अपर कलेक्टर के. आर. बड़ोले एवं श्री अरविंद चौहान के अलावा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, तहसीलदार मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी मौजूद थे। कार्यशाला में कलेक्टर श्री गुप्ता ने उपस्थित अधिकारियों को तम्बाकूयुक्त उत्पादों का प्रयोग न करने के सम्बंध में शपथ दिलाई। साथ ही कोटपा एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही करने वाले अधिकारियों को इस अवसर पर सम्मानित भी किया गया।

**तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर सहित सभी शहरों में तंबाकूयुक्त सामग्री का विक्रय सख्ती से रोकें:** कार्यशाला में कलेक्टर गुप्ता ने ओंकारेश्वर की मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए कि तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में तंबाकूयुक्त सामग्री विक्रय को प्रभावी ढंग से रोका जाए। उन्होंने जिले के अन्य सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को भी इस तरह की कार्यवाही के सम्बंध में निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिला अस्पताल एवं अन्य शासकीय अस्पताल परिसरों में तंबाकू खाकर थूकने वालों पर अर्थदंड लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी स्कूलों एवं अस्पतालों तथा शासकीय कार्यालयों के बाहर तंबाकू युक्त सामग्री का प्रयोग न करने संबंधी सूचना अंकित कराने के निर्देश भी दिए।

## सिंगाजी की कबड्डी टीम अजेय, पांचवीं बार चैंपियन बनकर रचा कीर्तिमान



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** सिंगाजी ताप परियोजना की कबड्डी टीम ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए 47वीं अंतर-क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में सिंगाजी परियोजना ने ग्वालियर को 22 अंकों के बड़े अंतर से पराजित कर लगातार पांचवीं बार विजेता बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सिंगाजी ताप परियोजना परिसर स्थित शुभोजित स्टेडियम में दिनांक 08/02/2026 को खेला गया, जहां खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। मैच की शुरुआत से ही सिंगाजी टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए बढ़त बनाई, जिसे अंत तक बनाए रखा। मैच के दौरान विराट जाधव, अफजल खान, ओमप्रकाश, कैलाश यादव एवं रविंद्र मंडलोई, मनीष, विजय, तावड़े ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। सिंगाजी टीम की मजबूत रेड और सधी हुई डिफेंस के सामने ग्वालियर की टीम दबाव में नजर आई। टीम की इस ऐतिहासिक जीत पर मुख्य अभियंता श्री जे सी जुनवाल, अति मुख्य अभियंता,अधीक्षण अभियंता, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी। साथ ही मुख्य अभियंता श्री जे सी जुनवाल ने कहा कि सिंगाजी ने बहुत ही उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए ये खिताब अपने नाम किया,उन्होंने कहा कि यह जीत टीम भावना, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजन समिति एवं रेफरी मंडल की निष्पक्ष भूमिका की भी सराहना की गई।

सिंगाजी परियोजना की इस शानदार उपलब्धि से पूरे परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल है। टीम की यह लगातार पांचवीं जीत आने वाले समय में और बेहतर प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। खेल सचिव शैलेष चौहान ने बताया कि नेशनल टीम के लिए सिंगाजी से विराट जाधव, अफजल खान, ओमप्रकाश, कैलाश यादव एवं रविंद्र मंडलोई का चयन किया गया।अभय बमनिया और विनोद भिलाला द्वारा कबड्डी को पहली यूट्यूब पर लाइव किया गया । पूरी कॉलोनी द्वारा अंत तक इस मैच का लुत्फ उठाया गया, और कॉलोनी के बच्चों में भी कबड्डी मैच को लेकर अत्यधिक उत्साह देखा गया। सभी टीमों द्वारा कबड्डी के आयोजन को काफी सराहा गया।

फाइनल मैच के दौरान अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री सुभाष गुप्ता, श्री व्ही एस मल्ल, श्री एच एस तिवारी एवम अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## मांझी कहार समाज खंडवा के गौरव डॉक्टर चंद्रांशु जगताप का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**खंडवा** -मांझी कहार समाज खंडवा के लिए बड़ी गर्व की बात है कि आज समाज का युवा वर्ग हर क्षेत्र में शिक्षित ,संगठित एवं सुदृढ़ होते जा रहा है और अपनी सेवा चिकित्सा ,शिक्षा, सेना , शासकीय बैंकिंग, एवं प्राइवेट फाइनेंशियल सेक्टरों में आदि में दे रहा है।।

इसी कड़ी में आज समाज के गौरव श्री महेश जी जगताप के सुपुत्र डॉक्टर चंद्राशु जगताप ने मुख एवं दंत चिकित्सक (बीडीएस) की शिक्षा पूर्ण कर अपनी सेवाएं खंडवा कहारवाड़ी जालंधर कारखाने के बाजू से *जगताप डेंटल एवं ओरल केयर क्लीनिक* पर अपनी सेवाएं देंगे सभी खंडवा बंधुओं ,माता, बहनों से निवेदन है कि एक बार उन्हें अपनी सेवा का मौका दें। इस अवसर पर मांझी कहार समाज के जिला अध्यक्ष राजूजी नागनपुरे, श्रीराम बावने, ईमृतलाल नंदाने, विनोद पिंजन्या, अश्विन चौहान, दीपू केशनिया ,अजय वर्मा, नरेंद्र जगताप, गोपाल केशनिया ,अंतिम केशनिया, हरीश केशनिया, मुकेश केशनिया आदि समाजजन उपस्थित रहे एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।।

## झमराल समाज क्रिकेट लीग खंडवा -सीजन 3 संपन्न



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** झमराल समाज क्रिकेट लीग खंडवा सीजन 3 का भव्य आयोजन दिनांक 08 फरवरी 2026 को एस.एन. कॉलेज ग्राउंड, खंडवा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जानकारी देते हुए समाजसेवी सुनील जैन व नारायण बाहेती ने बताया कि इस रोमांचक टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में जय मल्हार टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 रनों से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

पूरे टूर्नामेंट में जय मल्हार टीम का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। टीम ने अनुशासन, एकजुटता और खेल भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। सुरेंद्र बिडारे ने बताया कि विजेता टीम में जय मल्हार जयेश बिढारे (कप्तान) जय पगारे (उप-कप्तान),मनीष बिढारे

लोकेश पगारे,कार्तिक बिढारे,अक्षय बिढारे,मोनिश बिढारे,जिगर बिढारे,कपिल पगारे,सागर पगारे,निलेश संचारे ने शानदार प्रदर्शन किया।

टूर्नामेंट में उत्कृष्ट व्यक्तिगत प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया—

सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज- रोणक सावले,सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज-कार्तिक बिढारे,मैन ऑफ द सीरीज- इलुजी सावले रहे।

झमराल समाज क्रिकेट लीग का यह आयोजन समाज में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं युवाओं में खेल भावना विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा।आयोजकों, खिलाड़ियों तथा दर्शकों के सहयोग से यह टूर्नामेंट पूर्णतः सफल रहा।

## अंचल स्तरीय भजन मंडली सत्संग प्रतियोगिता का आयोजन

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** संभाग मध्यभारत भाग मालवा अंचल खंडवा में 8 फरवरी रविवार को अंचल स्तरीय भजन मंडली सत्संग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। आयोजित प्रतियोगिता ज मां भारती के चरणों में समिति के कर कमलो द्वारा एवं महिला समिति के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि अंचल व्यास कथाकार रीतारामजी के द्वारा दीप मंत्र हुआ, जिसमे केंद्रीय सह प्रशिक्षण प्रमुख श्रीमान नवनीत कर्मा, संभाग कार्यालय प्रमुख पप्पू सिंह नायक, संभाग गतिविधि प्रमुख बसंत चौहान, विभाग अध्यक्ष संस्कार शिक्षा योगेश कोटवाले, अंचल संरक्षक श्रीमती मोहिनी गुप्ता,

**अंचल अध्यक्ष आशीष पारे :** अंचल अध्यक्ष महिला समिति आशा पांडे,अंचल सचिव सुनीता



खंडेलवाल, मालवा भाग गतिविधि प्रमुख भैयालाल जी मोरै, भाग अभियान प्रमुख संतोष राठौड़ भाग कार्यालय प्रमुख नकुल भंडारी, अंचल अभियान प्रमुख संतोष राठौड, संच सचिव मनोज चौरे सहित सभी सेवाव्रती कार्यकर्ता जिसमें संचो से भजन मंडलिया उपस्थित रही जिसमें सत्संग कलाकार पहुंचे साथ में ढोलक पेटी, हारमोनियम, कंजरी, मजीरा के साथ में अपनी अपनी प्रस्तुति दी । प्रतियोगिता में आयोजन समिति के माध्यम से एक निर्णायक समिति के द्वारा वहां पर परिणाम जारी किया गया। प्रतियोगिता में बड़ चढ़कर कलाकारों के द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गई। इसमें अलग-अलग संच से भजन मंडली के कलाकार पहुंचे। सुनील ने बताया कि प्रतियोगिता के परिणाम में

प्रथम मंडली राधाकृष्ण शिव मंडली उताम्बी, द्वितीय मंडली श्री राम मंडली गमनपुर, तृतीय मंडली जय मुठाआ तुकईथड़, आयोजन समिति द्वारा तीनों भजन मंडलियो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचीन पदमकुंड शिव मंदिर में स्वयंभू शिवलिंग के दर्शन के लिए महाशिवरात्रि पर विशेष भीड़ रहेगी। यहां दूध और जल से अभिषेक होगा। नगर निगम द्वारा किए गए सौंदर्यीकरण के बाद पदमकुंड श्रद्धालुओं के लिए और भी आकर्षण का केंद्र बन गया है। प्रसादी वितरण की भी विशेष व्यवस्था रहेगी।

## 11 फरवरी को रक्तदान जनजागरुकता रैली आयोजित होगी

**नवभारत न्यूज ,खण्डवा।** रक्तदान के प्रति समुदाय में जनजागरूकता के लिए 11 फरवरी को जिला चिकित्सालय परिसर खण्डवा से प्रातः 10 बजे से नर्सिंग छात्राओं, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, एन.सी.सी. व एन.एस.एस. के केडेट्स तथा विभागीय अधिकारी कर्मचारीयों की जन जागृति रैली का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि यह रैली जिला चिकित्सालय प्रांगण से शुरू होगी जो कि नगर निगम कार्यालय, बाम्बे बाजार, बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेषन से मछली बाजार, जलेबी चौक से होती हुई जिला चिकित्सालय परिसर खण्डवा में संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी को प्रातः 10 बजे से जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा। जिसमें इच्छुक व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि कोई भी 18 से 60 वर्ष का स्वस्थ व्यक्ति जिसका वजन 45 किलो या अधिक हो, रक्तदान कर सकता है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति सामान्यतः प्रत्येक 3 माह के अंतराल में अर्थात वर्ष में 4 बार रक्तदान कर सकता है।रक्तदान करने में लगभग 5 मिनट का समय लगता है। रक्तदान करने से किसी बीमार या घायल व्यक्ति की जान भी बचाई जा सकती है।

## स्वास्थ्य संस्थाओं में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच की

नवभारत न्यूज

**खण्डवा ।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर माह की 9 एवं 25 तारीख को सरकारी अस्पतालों में स्त्री रोग विशेषज्ञ व चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच कर उपचार किया जाता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि सोमवार को हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य संस्थाओं में चिकित्सकों द्वारा आवश्यक जाँच व परामर्श दिया गया। जांच के दौरान जटिलताओं को देखते हुए ऐसी चिन्हांकित



गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी के लिए खण्डवा भेजा जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जुगतावत ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान उचित आहार एवं पोषण जच्चा बच्चा के लिए जरुरी है। गर्भवति महिलाओं व उनके परिजनों को मिशन आंचल अभियान के तहत पोषण आहार व कुपोषण से बचाव के लिए शिविर स्थल पर ही स्वास्थ्य टीम के द्वारा परामर्श सेवाएं देकर घर पर ही उपलब्ध खाद्य पदार्थों से पोषणयुक्त भोजन सेवन करने की सलाह दी गई। ताकि गर्भावस्था के दौरान अपने स्वास्थ्य के साथ साथ अपने बच्चे को उचित मात्रा में पोषण आहार मिल सके। गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने की समझाइश भी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जुगतावत ने बताया कि हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं में एनीमिया, उच्च रक्तचाप, शुगर, पूर्व सिजेरियन प्रसव, जुड़वा बच्चे, गर्भ में उल्टा बच्चा, पूर्व में गर्भपात, पूर्व में जन्मे शिशु में जन्मजात विकृति, कम वर्ष व 35 वर्ष से अधिक उम्र में गर्भधारण होना, अधिक बच्चे होना तथा टीबी, गुर्दे, हृदय रोग, मलेरिया, एचआईवी, हैपेटाइटिस बी जैसे रोगों से ग्रसित गर्भवती महिलाएं शामिल होती हैं।

## विवाह समारोह 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेगे

नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर।** नगरी ओंकारेश्वर में 10 फरवरी 2026 को मार्कण्डेय संन्यास आश्रम पब्लिक ट्रस्ट द्वारा दीन-दयालु परिवारों की कन्याओं के लिए सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है।महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। यह आयोजन तृतीय वेदांत परिवार के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक समरसता, सेवा और सहयोग की भावना के साथ सम्पन्न होगा। आयोजन को लेकर आश्रम परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम के अनुसार सुबह 9:30 बजे जे.पी. चौक से बारात प्रस्थान करेगी, जो 10:30 बजे आश्रम परिसर पहुंचेगी। पारंपरिक स्वागत के पश्चात प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पाणिग्रहण (विवाह) संस्कार सम्पन्न कराया जाएगा । इसके साथ ही दोपहर 12:00 से 1:30 बजे तक भव्य प्रीतिभोज का आयोजन रहेगा, जिसमें सभी नागरिकों को प्रसादी ग्रहण करने का अवसर मिलेगा। दोपहर दो बजे आश्रम द्वारा कन्याओं को विदाई दी जाएगी जिसमें गृहस्थ जीवन में उपयोग होने वाली सामग्री भेंट की जाएगी।

# कलेक्टर ने बैठक में सभी एसडीएम को दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**खण्डवा ।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिले के सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में आयोजित शिविरों में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण शीघ्रता से कराएं। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे इस अभियान के तहत आयोजित शिविरों की मॉनिटरिंग नियमित रूप से करें। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा, अपर कलेक्टर



श्री के. आर. बड़ोले एवं श्री अरविंद चौहान के अलावा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, तहसीलदार मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी मौजूद थे।

**घर घर जाकर ग्रामीणों से लें आवेदन:** कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर जाकर आवेदन प्राप्त किए जाएं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आयुष्मान कार्ड तैयार करने के कार्य में गति लाने तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना से संबंधित आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश भी बैठक में दिए।

**बोर्ड परीक्षाओं की सतत मॉनिटरिंग करें अपर कलेक्टर्स एवं एसडीएम:** कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए कि मंगलवार से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के लिए बनाए गए परीक्षा केन्द्रों का समय-समय पर निरीक्षण करते रहें। उन्होंने अपर कलेक्टर्स को भी निर्देश दिए कि जिले के दूरस्थ क्षेत्र में स्थित परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं देखें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के शेष कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को दिए। उन्होंने बैठक में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निरीक्षकों की अनुपस्थिति पर नाराजगी प्रकट की और उनके विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

**सीएम हेल्पलाइन में अधिकारी अपने विभाग की ग्रेड व रैंक सुधारें, अन्यथा होगी कार्यवाही:** कलेक्टर श्री गुप्ता ने सीएम हेल्पलाइन के तहत प्राप्त शिकायतों के निराकरण की भी विस्तार से समीक्षा की और निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में जिन अधिकारियों से संबंधित शिकायतें नॉट अटैंड प्रदर्शित हो रही हैं, उन सभी अधिकारियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएं। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि सीएम हेल्पलाइन में जिन विभागों के अधिकारियों की ग्रेड-ए नहीं होगी तथा प्रदेश में रैंक 10 से नीचे होगी, उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।